**MOST URGENT**

राज्य आयुक्त निःशक्तता का कार्यालय
प्राप्त किया
सेवा में, बिहार, पटना

कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, पटना।
पत्रांक 5124 /

प्रेषक,

ज्योति कुमार,
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
पटना।

सेवा में,

पटना जिले के सभी प्राथमिक/मध्य/उच्च/
उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं सभी निजि विद्यालय

पटना, दिनांक 29.07.19

विषयः— निःशक्त छात्रों के लिए दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 3, 16, 17, 18, 31 एवं 40 के आलोक में नामांकन कराने एवं अन्य सुविधा उपलब्ध कराने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के पत्रांक 1816 दिनांक 29.06.19 का कृपया निदेश करें। निःशक्त छात्रों का नामांकन दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के धारा 3, 16, 17, 18, 31 एवं 40 के आलोक में लेने हेतु आप सभी को निदेशित करते हुए इन छात्रों को मूलभूत सुविधाएँ यथा विद्यालय में रैम्प का मानक के अनुरूप निर्माण, शौचालय में कमोड् सीट, नामांकन में भेद—भाव नहीं करने एवं अन्यान हेतु निदेशित किया गया है।

कृपया निःशक्त छात्रों को इन सुविधाओं के साथ विद्यालय में नामांकन लेने की कार्रवाई प्रारम्भ करते हुए इस कार्यालय को अविलंब सूचित किया जाय। सुलभ प्रसंग हेतु दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के परिपत्र को इसके साथ संलग्न कर भेजा जा रहा है, जिसमें उल्लेखनीय कंडिकाओं का अनुश्रवण किया जा सकता है।

निःशक्त छात्रों के लिए दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 3, 16, 17, 18, 31 एवं 40 के अनुपालन हेतु विशेष बैठक निम्न तिथियों को स्थानीय बॉकीपुर राजकीय बालिका उच्च विद्यालय पटना में निर्धारित किया जाता है, जिसमें प्राचार्य/प्रधानाध्यापक/निदेशक अनिवार्य रूप से भाग लेंगे। बैठक में राज्य आयुक्त निःशक्तता, बिहार, पटना भी भाग ले सकते है।

कृपया इसे शीर्ष प्राथमिकता दें।

| क्र0 | बैठक स्थल | तिथि | समय | विद्यालय/अनुमंडल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बॉकीपुर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, पटना। | 01.08.19 | 11:00 से 12:30 | पटना सदर अनुमंडल के प्राथमिक/मध्य विद्यालय |
| | | | 01:00 से 02:30 | पटना सदर अनुमंडल के माध्यमिक विद्यालय |
| | | 02.08.19 | 11:00 से 12:30 | पटना सिटी अनुमंडल के प्राथमिक/मध्य विद्यालय |
| | | | 01:00 से 02:30 | पटना सिटी अनुमंडल के माध्यमिक विद्यालय |
| | | 03.08.19 | 11:00 से 12:30 | दानापुर अनुमंडल के प्राथमिक/मध्य विद्यालय |



Scanned with CamScanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | 01:00 से 02:30 | दानापुर अनुमंडल के माध्यमिक विद्यालय |
| | | 05.08.19 | 11:00 से 12:30 | पालीगंज अनुमंडल के प्राथमिक / मध्य विद्यालय |
| | | | 01:00 से 02:30 | पालीगंज अनुमंडल के माध्यमिक विद्यालय |
| | | 06.08.19 | 11:00 से 12:30 | मसौढी अनुमंडल के प्राथमिक / मध्य विद्यालय |
| | | | 01:00 से 02:30 | मसौढी अनुमंडल के माध्यमिक विद्यालय |
| | | 07.08.19 | 11:00 से 12:30 | बाढ़ अनुमंडल के प्राथमिक / मध्य विद्यालय |
| | | | 01:00 से 02:30 | बाढ़ अनुमंडल के माध्यमिक विद्यालय |
| | | 08.08.19 | 10:30 से 01:30 | जिलान्तर्गत सभी गैर सरकारी विद्यालय जिनकी मान्यता सर्व शिक्षा अभियान, सी0बी0एस0ई0 या आई0सी0एस0ई0 से प्राप्त है के प्राचार्य / निदेशक |

विश्वासभाजन,

09/07/19

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
पटना।

ज्ञापांक 5124 / पटना, दिनांक 09.07.19

प्रतिलिपिः— जिले के सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी / विद्यालय अवर निरीक्षक एवं सी0आर0सी0सी0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। निर्धारित तिथि को समय पर आहुत बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

प्रतिलिपिः— जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (समग्र शिक्षा अभियान) पटना को इस निदेश के साथ प्रेषित कि जिलान्तर्गत सभी गैर सरकारी विद्यालय जिनकी मान्यता सर्व शिक्षा अभियान, सी0बी0एस0ई0 या आई0सी0एस0ई0 से प्राप्त हो के प्राचार्य / निदेशक को उक्त तिथि को बैठक में भाग लेने हेतु निदेशित करेंगे एवं स्वयं भी इस बैठक में उपस्थित रहेंगे।

प्रतिलिपिः— निदेशक(मा0शि0), शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ सादर समर्पित।

प्रतिलिपिः— राज्य आयुक्त निःशक्तता, बिहार, पटना को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यार्थ सादर समर्पित।

09/07/19

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
पटना।

Scanned with CamScanner